# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम की रिपोर्ट

स्थान: ग्राम नगला उम्मेद, हाथरस

आयोजक: उन्नत भारत अभियान, राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC), सेठ फूलचंद बागला पी.जी. कॉलेज, हाथरस

तिथि: 05 जून 2026

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिनांक 05 जून 2026 को सेठ फूलचंद बागला पी.जी. कॉलेज, हाथरस के उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत ग्राम नगला उम्मेद में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) के कार्यक्रम अधिकारियों के नेतृत्व में एक पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम एवं बैठक का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के महत्व से अवगत कराना था। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों एवं युवाओं को बताया गया कि प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस क्यों मनाया जाता है तथा इसका उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, जल संरक्षण, वृक्षारोपण और सतत विकास के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है।

इस अवसर पर डॉ. पप्पू चौधरी ने पर्यावरण संरक्षण विषय पर अत्यंत प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ पर्यावरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने वृक्षारोपण, जल संरक्षण, प्लास्टिक के कम उपयोग, स्वच्छता बनाए रखने तथा प्रकृति के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने उपस्थित सभी नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई तथा उन्हें अपने आसपास अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, जल एवं ऊर्जा का संरक्षण करने तथा स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। सभी प्रतिभागियों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण के अनुकूल व्यवहार अपनाते हुए समाज में पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित करेंगे। यह कार्यक्रम ग्रामीण समुदाय में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

(Dr. Vinay Kr. Verma) | (Rishi Kant) | Coordinator UBA, Seth P. C. Bagla (P.G.) College, Hathras 204101


GPS Map Camera
Google
Ruheri, Uttar Pradesh, India
J3p4+jv9, Ruheri, Uttar Pradesh 204101, India
Lat 27.637354° Long 78.056764°
Friday, 05/06/2026 11:25 AM GMT +05:30


उन्नत भारत अभियान
ग्राम स्वराज और आत्मनिर्भरता की ओर
तमसो मा ज्योतिर्गमय
SKILLS TRAINING CENTR
सेठ पी.सी. बागला (पी.जी.) कॉलेज, हाथरस
ग्राम उत्थान एवं विकास
कौशल विकास एवं रोजगार
स्वास्थ्य एवं शिक्षा
जल संरक्षण एवं पर्यावरण
डिजिटल साक्षरता
NSS & NCC की संयुक्त पहल
एक कदम, गाँव की ओर
गोद लिया गया गांव:
T.W.D
(TARGET WITH DEEPAK)
COMPETITION ACADEMY
SSC POLICE RAILWAY
ARMY & Other